सेठ मोतीलाल कॉलेज में राष्ट्रीय सेमीनार सम्पन्न

माई झु. 19 फरवरी: सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय क्वालिटी इंश्योरेंस इन दी इन्सटीट्यूशन ऑफ हायर एज्यूकेशन रखा गया। सेमीनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा, निदेशक सैन्ट्रल इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट पिलानी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के समय की महत्वपूर्ण मांग उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवता की है। इसको बनाये रखने के लिए हमें निरंतर अपने ज्ञान को अपडेट करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिया परिवार के चैयरमेन तेजपाल सिंह नूनियां ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि आज के दौर में समय की मांग है कि हम समय की अपेक्षा के अनुरूप अपने आप को बदलें तथा विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारें। इससे

पहले मुख्य अतिथियों का प्राचार्य डॉ. वी.के.शर्मा, उपप्राचार्य डॉ. आर.के. कटेवा, समन्वयक डॉ. एन.के. शर्मा तथा डॉ. डी.पी. सिंह ने अतिथियों का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। प्राचार्य डॉ. वी.के. शर्मा ने स्वागत भाषण दिया तथा उपप्राचार्य डॉ. आर.के. कटेवा ने सेमीनार के बारे में जानकारी दी। दुसरे चरण में तकनीकी सत्र की शुरूआत मुख्य वक्ता डॉ. एस.बी. बनर्जी, प्रिंसीपल डूण्डलोद पब्लिक स्कूल के व्याख्यान से हुई। इसके बाद मुख्य वक्ता डॉ. दीपक सक्सैना, निदेशक स्टूडेन्ट एडवाईजरी ब्यूरो राजस्थान विवि जयपुर ने कहा कि संस्थाओं में जब तक स्थाई फैकल्टी नहीं होगी तब तक गुणवता की बात पुरी नहीं हो सकती। द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ. अब्दूल हमीद, प्राचार्य सेठ मोतीलाल विधि महाविद्यालय थे उन्होंने सांस्कृतिक मूल्यों की सरंक्षण की वकालत करते हुए कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण हेतु हमें सामाजिक विषयों का अध्ययन करना आवश्यक है । इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. वी.एस. तंवर व डॉ. सुशील त्यागी सहित कॉलेज स्टाफ व छात्र उपस्थित थे।

शहीद दिवस के अवसर किशोरपुरा में सुमित्रा सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया

माई झु. 30 जनवरी: शहीद दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम किशोरपुरा में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने स्व. बूंटीराम जी के बारे में कहा कि उन्होंने गरीब व मजदूर के लिए काफी संघर्ष किया और सामंतवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए कई बार जेल भी गये। ऐसे महान व्यक्तित्व के पदचिन्हों पर चलकर जनता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रा सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री का चुनरी ओढाकर स्वागत किया तथा बुंटीराम स्मारक समिति के अध्यक्ष नन्दलाल चौधरी ने स्व. बुंटीराम के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी देते हुए कविता के माध्यम से जीवनी प्रस्तुत की और आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को भाजपा नेता संतोष अहलावत ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक खेतड़ी दाताराम गुर्जर, भीमाराम चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र शर्मा, जगदीश खाजपुरिया, महेश बसावतिया, महेश जीनगर, सत्येन्द्र चौधरी, देवेन्द्र खत्री, धीरेन्द्र चौधरी, भाल सिंह, मधु चौधरी, प्रदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले के भाजपा कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व स्व. बूंटीराम की मूर्ति पर शहीद दिवस के अवसर पर पुष्प चढाकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

महेश बसावतिया के यहां राजे आई: मीडिया प्रभारी महेश बसावतिया के चूणा चौक स्थित निवास स्थान पर पूर्व मुख्यमंत्री राजे पधारी तथा दोपहर का भोज लिया।

पूजा टीबड़ेवाल को वसुंधरा राजे ने पहचाना।

माई झुं. 30 जन.। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किशोरपुरा ग्राम में आगमन पर पूजा टीबड़ेवाल को देखते ही पहचान लिया। विदित है कि वसुन्धरा राजे जब वर्ष 2003 में बगड़ पीरामल बालिका विद्यालय में परिवर्तन यात्रा के वक्त आई थी उस वक्त सर्व प्रथम पूजा टीबड़ेवाल सुपुत्री पुरुषोत्तमलाल टीबड़ेवाल भडुन्दा कला में तिलक किया था। इस याद को वे सात वर्ष पश्चात भी याद करते हुए पूजा टीबड़ेवाल को पहचान लिया और उसे अपने गले लगा लिया।

कैरियर का निर्माण करते है शिक्षा केन्द्र : प्रमोद खण्डेलिया

माई झु. 18 फरवरी। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई स्कूल में गुरूवार को जूनियर्स विद्यार्थियों ने सीनियर्स को समारोह पूर्वक विदाई दी। मुख्य अतिथि लक्ष्मी शॉप इंडस्ट्रीज निदेशक प्रमोद खण्डेलिया ने कहा कि शिक्षा केन्द्र करते है विद्यार्थियों के कैरियर का निर्माण। जीवेम् चैयरमैन दिलीप मोदी, प्रबंधक निदेशिका नीरजा मोदी, प्राचार्य रवीन्द्र सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि मोहनलाल धायल, सुनिता मिश्रा, पीआरओ अरविंद शर्मा ने मां सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विदाई पार्टी का शुभारम्भ किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने सीनियर्स के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतिया प्रस्तुत दी। तू कल चला जाएगा तो याद बहुत आएगा... गाने की प्रस्तुति ने सीनियर्स विद्यार्थियों का ही नहीं अतिथियों का भी मनमोह लिया। जीवेम् चैयरमेन मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पंसद का कैरियर चुनना चाहिए। मोदी ने इस अवसर पर एक विशेष स्कॉलरशिप की घोषणा की।

शाकम्बरी में चिरानीया गेस्ट हाउस का लोकार्पण

माई झु.5 फर.। शेखावाटी क्षेत्र में शक्ति पीठ माता शाकम्बरी के मंदिर के समीप नवनिर्मित चिरानीया सदन गेस्ट हाउस का लोकार्पण शुक्रवार को हुआ। प्रात: 8 बजे से 12.15 बजे तक विधिविधान पूर्वक आचार्य पंडित ज्ञानप्रकाश मुकुन्दगढ़ के सानिध्य में श्यामसुन्दर चिरानीया ने सपत्नीक पूजा अर्चना की तथा यज्ञ हवन की पूर्णाहूति हुई। महंत शाकम्बरी माता मंदिर ने गेस्ट हाउस का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन करके किया। महंतजी का स्वागत सम्मान श्यामसुन्दर चिरानिया एवं अरूण चिरानीया ने किया। प्रसाद भण्डारा का आयोजन भी किया गया जिसमें कन्याओं तथा अन्य स्थानीय जन ने प्रसाद ग्रहण किया। विदित है कि महन्तजी ने शाकम्बरी स्थित गोशाला के समीप चिरानीया परिवार को जमीन प्रदत की जिस पर छह कमरों, एक बड़ा हॉल एवं अन्य सुविधाओं के साथ आधुनिक रसोईघर का निर्माण बहुत ही सुन्दर ढंग से करवाया गया है, निर्माण कार्य की सार संभाल समय समय पर नवलगढ़ के कैलाश सींगड़ोदिया ने की तथा सहयोग दिया। उदयपुरवाटी के रामजीवन शाह एवं जयपुर के पवनकुमार सेक्सरिया ने गेस्ट हाउस का निर्माण ठाकुरदेवी सागरमल चिरानिया की स्मृति में श्यामसुन्दर चिरानीया बैलारी प्रवासी, मुकुन्दगढ़ निवासी ने करवाया। इस अवसर पर नवलगढ़ के अर्जुनलाल भगेरिया, डॉ. गणेशगुप्ता, झुंझुनूं से डी.एन. तुलस्यान एवं जयपुर से पवन सेक्सरिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

पी.सी.सी./आई.पी.सी.सी. में छात्रों ने सफलता का परचम लहराया

माई झु. 2 फरवरी : इंस्टीट्युट आफ चार्टड अकाऊंटेट द्वारा आयोजित की जाने वाली पी.सी.सी. /आई.पी.सी.सी. परीक्षा नवंबर 2009 में झुंझुनूं के छात्रों ने एक बार फिर अपार सफलता की। नटराज टाकीज के निकट संचालित कृष्णा क्लासेज ने पी.सी.सी./आई.पी.सी.सी. परीक्षा नवंबर 2009 में शानदार परीक्षा परिणाम दिया है। संस्था के 12 छात्रों ने पी.सी.सी. / आई.पी.सी.सी. परीक्षा शानदार अंकों से उत्तीर्ण की। इंस्टीट्यूट संचालक ओमप्रकाश टेलर ने बताया कि नवंबर 2009 में आयोजित हुई जिसमें पीसीसी/आईपीसीसी परीक्षा में इंस्टीट्यूट के छात्र लोकेश अग्रवाल ने एडवांस अकाऊंटिंग में 82 नम्बर प्राप्त किये जो कि झुंझुनूं में एक रिकार्ड है। परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्रों में खुशी का माहौल देखा गया। इंस्टीट्यूट के राजेश अग्रवाल, रोहित बेसवाल, आशीष मोदी, लोकेश अग्रवाल, सौरभ शर्मा, मनु धनकड़, आदित्य तुलस्यान, राधिका पंसारी, स्वीटी पंसारी, प्रीति पंसारी, आयुषी राणासरिया ने परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। छात्रों की सफलता पर अभिभावकों ने इंस्टीट्यूट के प्रो. के.के. टेलर को बधाईयां दी तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

छावनी नरेश के राम मंदिर में रामजन्मोत्सव 24 को

माई झु. न्यूज। श्री छावनी नरेश सेवा समिति के सह व्यवस्थापक पवन वर्मा ने बताया कि सेवा समिति द्वारा इस बार 24 मार्च बुधवार को छावनी नरेश श्री राम मंदिर में रंगारंग श्रीराम जन्म महोत्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर 23 मार्च से कांतिप्रसाद ढंढ एवं रामगोपाल सहल के नेतृत्व में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जायेगा जो दूसरे रोज प्रात: 11 बजे सम्पन्न होगा। इसके पश्चात सुन्दर कांड पाठ होगा। तत्पश्चात श्री रामजन्म के मुख्य समारोह में विशाल महाआरती उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्त करेंगे। इस अवसर पर श्रीराम जन्म व उनकी स्तुतियों का पाठ तथा प्रसाद वितरण किया जायेगा।

खतेहपुरा में आठवां नि:शुल्क बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर

माई झु. 12 फरवरी: जिले के ग्राम खतेहपुरा में खेतान हॉस्पिटल जयपुर के सौजन्य से स्व. सेठ श्री मक्खनलाल खेतान की पून्य स्मृति में उनके सुपुत्रों द्वारा आठवां विशाल नि:शुल्क बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर खेतान गेस्ट हाऊस खतेहपुरा में प्रात: 10 बजे से सायं 4 बजे तक लगाया गया। शिविर का उद्घाटन आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री बृजेन्द्र ओला ने किया। उद्घाटन समारोह मे पूर्व जिला प्रमुख डॉ. राजबाला ओला, ओमप्रकाश बोहरा, प्रकाश बोहरा, श्रवण केजड़ीवाल, गीलुराम मोदी, ताराचन्द गुप्ता आदि उपस्थित थे। जानकारी देते हुए संयोजक डॉ. राजेन्द्र खेतान व सहसंयोजक गिलूराम मोदी ने बताया कि खेतान परिवार द्वारा लगाये गये इस शिविर में संतोकबा दूर्लभ जी हॉस्पिटल एवं खेतान हॉस्पिटल के लगभग 1 दर्जन डॉक्टरों की टीम द्वारा रोगियों की जांच व उपचार किया किया गया। मुख्य रूप से शिविर में उपस्थित होने वाले डॉ. आर.पी. खेतान, डॉ. दिनेश अग्रवाल, डॉ. एम.एल.गुप्ता, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. हेमा अग्रवाल, डॉ. पुष्कर शर्मा, डॉ. हितेन्द्र मेहता, डॉ. सुधीपतो चक्रवर्ती, डॉ. जे.पी. वर्मा सहित मय स्टाफ के चिकित्सक ने अपनी सेवायें प्रदान की।

इस शिविर में खुन, पेशाब, ईसीजी, एक्सरे, सोनोग्राफी की जांच नि:शुल्क की गई तथा नि:शुल्क भोजन व्यवस्था भी थी तथा शिविर में जाने के लिए रोगियों को नूसिंगपुरा से व झुंझुनूं चनाना रूट पर खातियो के कुए से आने जाने के लिए खतेहपुरा की बस 14 फरवरी को प्रात: 9 से सायं 4 बजे तक नि:शुल्क बस सेवा दी गई।

नवलगढ़ में सीवरेज का प्लान तैयार

माई झुं.न्यूज। नवलगढ़ में सीवरेज, ड्रेनेज व पेयजल आपूर्ति की नई व्यवस्था का पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। सीवरेज व ड्रेनेज के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है। सीवरेज लाइनों के अनुसार नक्शा बना लिया गया है। जवाहर अरबन रिव्यूनल मिशन के तहत स्वीकृत इस योजना के तीनों कार्यों का तकनीमा व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। संभवतया इसी वित्त वर्ष में इसकी वित्तीय स्वीकृति जारी हो जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य राज्यमंत्री डा. राजकुमार शर्मा प्रयासरत हैं। शहर में सीवरेज, ड्रेनेज व ट्रीटमेंट प्लांट कार्य पर करीब ५७ करोड़ रूपए खर्च होंगे। यह योजना वर्ष २०४१ तक को आधार मानकर बनाई गई है। ताकि अगले ३० वर्षो तक इसमें किसी तरह का व्यवधान नहीं आए। सीवरेज से पहले जरूरी पेजयल आपूर्ति योजना का बजट इसमें शामिल नहीं है। पेयजल आपूर्ति के लिए अलग से तकमीना बनाया जा रहा है।

स्व. रामनारायण केडिया की पुण्यतिथि मनाई

माई झु. 5 **फरवरी।** महर्षि दयानंद महिला शिक्षण संस्थान समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. रामनारायण केडिया की प्रथम पुण्यतिथि बालिका महाविद्यालय में मनाई गई। पुण्यतिथि अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि केडिया महिला शिक्षा के प्रति समर्पित थे। इस कड़ी में केडिया ने बिंजूसर में भी बालिका पीजी कॉलेज की स्थापना की। आन्द्रप्रदेश में भी केडिया ने बालिका शिक्षा के लिए भूमि व भवन सरकार को दिये। इस अवसर पर डीवी शास्त्री, हरीशचंद्र चाहर, राजेन्द्र कस्वा, भागीरथ महला, महेश कायां, श्रीराम बाबल, वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुंदर पौद्दार, रामस्वरूप जाखड़ आदि उपस्थित थे। अंत में दो मिनट का मौन रखा गया।

एस.एस. मोदी में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन

माई झु. 18 फरवरी: एस.एस. मोदी विहार एवं कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल द्वारा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के रूप में एक दिवस कैम्प का आयोजन किया जिसमें कक्षा 1 से 11 तक सभी विद्यार्थियों ने श्रम दान किया।

निदेशक अनिता बंसल ने बताया कि श्रमदान का अवलोकन बाहर से आये अतिथियों डॉ. कर्मवीर सिंह, एडवोकेट सतीश कुल्हरी एवं मो. फारूख खान ने सभी बच्चों के समाज के कार्य करने के उत्साह की भरपूर प्रशंसा की। तथा आगे बढने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्राचार्य रश्मि शेखावत ने सभी बच्चों को सेवा योजना के बारे में बताया। विद्यालय के सभी स्टाफ ने इस कार्य में सहयोग किया।

अग्रसेन भवन में वैवाहिक परिचय सम्मेलन

अग्रसेन भवन झुंझुनूं मेंसंयोजक श्याम सुन्दर पोद्दार की अध्यक्षता में अग्रवाल समाज का युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन रविवार को हुआ। सम्मेलन में ताराचंद गुप्ता ने मार्च माह में समाज का बड़ा सम्मेलन करवाने की बात कही। इसके लिए सदस्यो को गांवों में जाकर युवक युवतियों के बायोडाटा एकत्रित करने को कहा।

रविवार को सम्मेलन में आठ बायोडाटा का पंजीयन किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए नवरंगलाल राणासरिया, ओमप्रकाश टीबड़ा, भगवानदत्त चौधरी, प्रहलाद राय, बनवारीलाल पंसारी, गोविन्दराम खेतान, वीरेन्द्र शाह, ओमप्रकाश शाह, शुभकरण नारनौली, अशोक तुलस्यान, श्यामसुन्दर राणासरिया, पवन कुमार, विनोद कुमार आदि ने सुझाव दिए।

महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिरों में शिव भक्तों का मेला

माई झु. 12 फरवरी। महाशिवरात्रि पर्व पर शुक्रवार को शिव मंदिरों में दिनभर लगा रहा शिव भक्तों का मेला। सुर्योदय के साथ ही शिव भक्तों ने बाबा बम भोले के जयकारों के साथ शिव को रिझाने के लिए रूद्राभिषेक किया। गाजर, बिल्वपत्र, दुध, आक , बैर आदि का प्रसाद लगाया। शाम ढ़लते ही शंख, नगारों के साथ हुई भगवान शिव की महाआरती में भक्तों ने उत्साह से भाग लिया। युवाओं ने भी शिव मंदिरों में जाकर शीश नवाकर भगवान शिव से मनोतियां मांगी। श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर, बावलियों की बगीची, सैनी मंदिर, वार्ड नम्बर 41 में स्थित मोतेश्वर महादेव मंदिर, श्रीचंचलनाथ टीला, श्री नीलकंठ महादेव मंदिर, नयाबास स्थित नंदेश्वर महादेव मंदिर, मण्ड्रेला रोड़ स्थित श्रीपंच्चमुखी बालाजी मंदिर, खातियों की बगीची, पुरोहितों की बगीची, सालगेश्वर महादेव मंदिर पीपली चौक, गायत्री मंदिर, मान नगर स्थित श्री राधाकृष्ण शिव मंदिर, खटीकान मंदिर, श्री बंधे का बालाजी स्थित मुकन्देश्वर महादेव, गाडिया भवन स्थित श्री रामेश्वरम महादेव, खेमीशक्ति मंदिर स्थित शिवालय, राणीसती मंदिर स्थित शिवालय, रोड़वेज बस स्टेण्ड स्थित शिव मंदिर, नगर परिषद शिवालय सहित जिले भर के शिव मंदिरों में देर रात्रि तक शिव भक्तों का तांता लगा रहा। चुणा चौक पुरोहितो की बगीची स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में 21 किलों दुध से शिव प्रतिमा का अभिषेक किया गया।

एसएस मोदी विद्या विहार में किया श्रमदान विद्यार्थियों ने

माई झु. 17 फरवरी। स्थानीय एसएस मोदी विद्या विहार में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय कैम्प आयोजित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने श्रमदान किया। निदेशक अनिता बंसल ने बताया कि श्रमदान का अवलोकन डॉ. कर्मवीर सिंह, वरिष्ठ वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश कुलहरि, मो. फारूख खान ने किया। शिविर में प्राचार्या रश्मि शेखावत ने विद्यार्थियों को सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी।

सेठ मोतीलाल प्रांगण में डॉ. नगेन्द्र का किया स्वागत

माई झु. 29 जनवरी। सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को वर्द्धमान महावीर खुला विश्व विद्यालय कोटा के जयपुर केन्द्र के क्षेत्रिय निदेशक डॉ. नगेन्द्र कुमार शर्मा का एक सादे समारोह में स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में डॉ. शर्मा ने महाविद्यालय में कोटा खुला विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि कोटा खुला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नियमित उपस्थित या टीसी आदि प्रमाण पत्रों की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. वीके शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कटेवा, समन्वयक डॉ. एनके शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

जीवन में विचार शक्ति

माई झु.न्यूज। मानव जीवन आचरण, विचार, संस्कार और वृतियों पर चलता है जिसकी जैसी मनोवृति होगी वैसा ही उसका जीवन होगा। अज्ञात रूप से मन में विचार बैठते उठते ही रहते हैं। विचारों और कार्यों का सम्बंध बीज और वृक्ष के समान है। विचार शक्ति के बिना सृष्टि का कोई भी कार्य सफलात में आगे नहीं बढ सकता। अच्छा विचार तो कर्म भी अच्छा होगा और बुरे विचार तो कर्म भी बुरा होता है। विचार करने में सभी स्वतन्त्र हैं।

मानव शरीर एक देवालय है उसके प्रदूषित नहीं करना चाहिए। जैसे अग्नि वाणी स्वरूप मुख में, वायु प्राणवायु नासिका छिद्र में, सूर्य प्रकाश स्वरूप नेत्रों में, दिशाएं, श्रोत्रेंद्रिय बन कानों में, चन्द्रमा मन के रूप में वनस्पतियां रोमों के रूप में, जल वीर्य स्वरूप जननेंद्रियों में विद्यमान है। मन में विचारों का उदगम होता रहता है रोग शोक, भय निर्भय,दुख सुख, मित्र शत्रु, अच्छा बुरा आदि का आभास होता रहता है। अत: विचारों केा रोकें नहीं बल्कि बहने दें। साथ ही उदास व निराश व्यक्ति के विचारों को भी व्यक्त करने को मौका दिया जाए। जो छिन गया उसे भूलकर अपनी अन्य भूमिकाओं पर विचार कर जीवन को सार्थक बनाने का प्रयास करना चाहिए शांत वातावरण में बैठकर आत्मचिंतन करें कि मैं कौन हूं? कहां से आया हूं? मुझे कहां जाना है? मेरा लक्ष्य क्या है? लक्ष्य पूर्तिके साधन अपनाने में क्या समर्थ हैं? इससे जीवन को सुख, कल्याण और शांति प्राप्त हो सकेगी।

नन्दलाल तुलस्यान मुम्बई प्रवासी